09/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से मेघालय और ओडिशा के दो दिन के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति मेघालय के उमियम में पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए आईसीएआर के अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम अनुसंधान और विकास, विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि पद्धतियों और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में संस्थान के योगदान के 50 वर्ष पूरे होने के उप्लक्ष मे है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भुवनेश्वर में कल प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

0000000000000000000000

आज शाम दिल्ली में जीनोमिक्स डेटा कॉन्क्लेव में एक वीडियो संदेश में, श्री मोदी ने कहा कि जीनोम इंडिया परियोजना देश के जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैव अर्थव्यवस्था सतत विकास को गति देती है और पिछले 10 वर्षों में देश की जैव अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया में फार्मा हब के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है और करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

0000000000000000000000

ITBP उत्तर पूर्व सीमांत के महानिरीक्षक, श्री अमिताभ गुप्ता, ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने सीमा सुरक्षा और प्रबंधन, वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम और राज्य से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी की सराहनीय भूमिका और योगदान प्रसंसा व्यक्त करते हुए, वाईब्रेन्ट बॉर्डर विलेज प्रोग्राम के माध्यम से आईटीबीपी को सीमावर्ती क्षेत्रों को विकसित करने के उद्देश्य से एक सहयोगात्मक प्रयास में योगदान देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि, इस तरह का प्रयास राष्ट्रीय हित में होगा और स्थानीय समुदायों और आईटीबीपी दोनों के लिए पारस्परिक लाभ प्रदान करेगा। सीमा प्रबंधन में अपने अनुभव को साझा करते हुए, राज्यपाल ने स्थानीय लोगों की भागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। श्री गुप्ता ने हाल ही में पूर्वोत्तर सीमांत मुख्यालय का कार्यभार संभाला है। उन्होंने राज्यपाल को उनकी चिंताओं का शीघ्र ही समाधान का आश्वासन।

0000000000000000000

कुरुंग कुमे जिले के न्यापिन में आज अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, ईटानगर की अध्यक्ष केंजूम पाकाम के नेतृत्व में एक टीम ने "महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, महिलाओं के कानूनी अधिकार, मादक पदार्थों के सेवन, एचआईवी एड्स"

पर एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मुस्कान महिला फाउंडेशन ने एपीएससीडब्ल्यू के सहयोग से किया। इस अवसर पर एपीएससीडब्ल्यू की अध्यक्ष ने स्वयं सहायता समूह, बालिका शिक्षा और बैंक से ऋण का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विवाह पंजीकरण पर जोर दिया।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त कांकी दारांग ने जिले में सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज नेहरू मार्केट, तवांग में सीसीटीवी लगाने की परियोजना का शुभारंभ किया। इस पहल से सीसीटीवी कवरेज को विस्तार करने के साथ ही तवांग के तीन मुख्य बाजारों खास तौर पर पर्यटन के चरम मौसम और वीवीआईपी की आवाजाही के दौरान कड़ी निगरानी रखने में सुविधा मिलेगी। सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से सुरक्षा में और वृद्धि होने के साथ ही यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और आपराधिक गतिविधियों को रोकने की उम्मीद है, जिससे तवांग में सभी को सुरक्षित और अधिक संगठित वातावरण सुनिश्चित होगा।

0000000000000000000000

परीक्षा पे चर्चा 2025 के 8वें संस्करण के लिए देश-विदेश के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से दो करोड़ 70 लाख से ज़्यादा पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। MyGov.in पोर्टल पर आयोजित इस कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पिछले महीने की 14 तारीख़ को शुरू हुआ और आगामी 14 जनवरी तक खुला रहेगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा, परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने और इसे उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है।

0000000000000000000000

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए लगभग दस हज़ार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इन विशेष अतिथियों में सरपंच, आपदा राहत कार्यकर्ता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वाटर वारियर, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, मन की बात के प्रतिभागी, माई भारत स्वयंसेवक, पूर्वोत्तर राज्यों से आए अतिथि और सर्वश्रेष्ठ स्टार्ट-अप्स शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आमंत्रित अतिथियों में से कुछ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आय और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। देश-विदेश के विभिन्न खेल स्पर्धी के पदक विजेताओं, को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

0000000000000000000000

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा दो विशेष गीत लॉन्च किए हैं। आकाशवाणी द्वारा रचित यह विशेष गीत महाकुंभ के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाता है। दूरदर्शन द्वारा निर्मित थीम गीत "महाकुंभ है" को पद्मश्री कैलाश खेर ने गाया है।

0000000000000000000000

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से टीबी रोग को खत्म करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और रिहेब सेंटर्स में टीबी उन्मूलन पर 100-दिवसीय सघन अभियान आयोजन करें।

000000000000